IS 15700:2005
सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ
website : http://www.upavp.com; E-mail: upavp@sancharnet.in

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

नोटिस

जनपद गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर में निबन्धित निम्नलिखित सहकारी आवास समितियाँ (नगरीय क्षेत्र) काफी समय से निष्क्रिय है, उनके निबन्धित पते पर न तो कोई पदाधिकारी मिलता है और न ही वहाँ पर कोई कार्यालय होने का प्रमाण ही मिलता है। ये सहकारी आवास समितियाँ वार्षिक, विवरणियाँ, भूमि क्रय–विक्रय, आडिट रिपोर्ट एवं अन्य सूचनायें भी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित नहीं कर रही है। सम्बन्धित सहकारी अधिकारी (आवास) गाजियाबाद द्वारा इन समितियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें ये समितियाँ निष्क्रिय पायी गयी। ये समितियाँ उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम–1965 एवं नियमावली–1968 में वर्णित अपने उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर रही है।

अतः मैं डी0के0 शुक्ल, अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ, शासन की अधिसूचना संख्या 771/12सी–1–89–7(8)/1976 दिनांक 10.08.89 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 26.11.2010 द्वारा प्रदत्त निबन्धक के अधिकारों का प्रयोग करते हुए उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम–1965 की धारा–72(2)(ग)(घ) के अधीन पठित उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली–1968 के निमय संख्या–270 के अन्तर्गत आदेश देता हूँ कि निम्नलिखित सहकारी आवास समितियाँ अपना पूर्ण विवरण यथा–निबन्धित पता, वर्तमान पता, प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों का नाम, सचिव का नाम, भूमि क्रय–विक्रय सम्बन्धी विवरण, संतुलन पत्र, अन्तिम आडिट नोट का विवरण आदि नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें, यदि निर्धारित अवधि में समिति अपना सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत नहीं करती है तो उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम–1965 की धारा–72(2)(ग)(घ) के अधीन पठित उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली–1968 के नियम संख्या–270 के अन्तर्गत उनके समापन की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी तथा धारा–76 के अन्तर्गत निबन्धन निरस्त कर दिया जायेगा।

क्र0 सं0	नाम समिति	निबन्धन संख्या	दिनांक
1.	रामप्रस्थ सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	2468	14.04.1972
2.	आर्डीनेन्स फैक्ट्री कर्मचारी सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	2742	27.11.2000
3.	बजरंग सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	2876	03.10.2001
4.	दि गाजियाबाद माडल टाउन सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	100	08.01.1937
5.	जीवन आस्था सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	2914	23.01.2002
6.	सार्थक सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	2160	25.06.1996
7.	दयारे गालिब सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	190	12.06.1979
8.	अल्को केम सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	3172	23.09.2003
9.	ग्रीन पावर सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	3208	07.01.2004
10.	केशवधाम सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	3308	23.04.2004
11.	मनीष सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	3524	13.04.2005
12.	हिन्डन वैली सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	4094	09.08.2007
13.	अमृत सहकारी आवास समिति लि0 गाजियाबाद	634	08.04.1982
14.	राष्ट्रीय सहकारी आवास समिति लि0 गौतमबुद्धनगर	2548	06.03.1999
15.	जीवन रेखा सहकारी आवास समिति लि0 गौतमबुद्धनगर	2660	26.04.2000
16.	उ0प्र0 विधान मण्डल सहकारी आवास समिति लि0 गौतबुद्धनगर	3566	09.06.2005
17.	नव चेतना महिला सहकारी आवास समिति लि0 गौतमबुद्धनगर	3644	29.10.2005
18.	दि साई श्रद्धा सहकारी आवास समिति लि0 गौतमबुद्धनगर	4130	20.11.2007

डी0के0 शुक्ल
अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक